# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 19.07.2023

## —: प्रेस नोट :—

विदित है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पिछले 2 वर्षों में लगभग 40 विभिन्न परीक्षाएं आयोजित की। वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा आर.ए.एस. 2021 के साक्षात्कार चल रहे हैं तथा स्कूल व्याख्याता के 6000 पदों की भर्ती हेतु काउंसलिंग लगातार जारी है। शेष परीक्षाओं यथा– ग्रेड–।। के अध्यापक भर्ती हेतु 9760 पदों की भर्ती भी शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर ली जाएगी।

यह भी उल्लेखनीय है कि छात्र हित में उक्त परीक्षा का दुबारा आयोजन करना अपरिहार्य था ताकि निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। इस कारण विलम्ब अवश्य हुआ किन्तु नकल माफिया, दलालों एवं छात्र हितों पर कुठाराघात करने वाले अन्यथा तत्वों के निहित स्वार्थों को पूर्णतः निष्प्रभावी करने के उद्देश्य से यह अत्यावश्यक था। राज्य एवं केन्द्र की विभिन्न जांच एंजेन्सियों द्वारा प्राप्त इनपुट के कारण समय रहते इस तत्वों पर अंकुश लगाने का हर सम्भव प्रयास जारी है।

एक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं देशभर की समान संवैधानिक संस्थाएं एक सुरक्षित, निर्धारित गोपनीय प्रक्रिया के तहत ही कार्य करती है। कई बार विभिन्न समाचार माध्यमों से छात्रों/अभ्यर्थियों के मन में एक भ्रामक धारण यह बन जाती है कि सम्भवतः सम्पूर्ण परीक्षा प्रणाली दूषित है, इससे उनका विश्वास भी टूटता है। परीक्षा प्रक्रिया को सतत् रूप से अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास आयोग द्वारा किया जाता है ताकि कतिपय माफियाओं की स्वार्थ सिद्धि पर पूर्ण अंकुश लग सके। साथ ही राज्य सरकार से भी लगातार आयोग की कार्य प्रणाली को अधिक कुशल बनाने हेतु संशाधनों की मांग की जाती है। विभिन्न जांच एंजेन्सियों से भी अनुरोध किया जाता है कि वे लगातार अपना फीडबेक आयोग को उपलब्ध कराएं।

अतः समस्त अभ्यर्थियों से अपील है कि वे किसी भी भ्रामक दुष्प्रचार सेगुमराह नहीं हों। आयोग प्रत्येक परीक्षा को समयबद्ध रूप से एवं पूर्ण निष्पक्षता के साथ कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

(आशुतोष गुप्ता)
आई.ए.एस.
सचिव